>

Title: Presentation of the 24th to 31st Reports of the Standing Committee on Public Accounts Committee.

डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी): महोदया, मैं लोक लेखा समिति (2010-11) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित 'औषधियों और चिकित्सा उपकरणों की खरीद' के बारे में चौबीसवां प्रतिवेदन।

(2) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) से संबंधित ' निवेशकों के धन का अलाभप्रद व्यय-सेबी' के बारे में पच्चीसवां प्रतिवेदन।

(3) 'स्वीकृत अनुदानों और प्रभारित विनियोगों (2006-07) से अधिक व्यय' के संबंध में समिति के अठारवें प्रतिवेदन (14वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/िसफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई संबंधी छब्बीसवां प्रतिवेदन।

(4) ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) से संबंधित 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का कार्यन्वयन' के संबंध में समिति के आठवें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/िसफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में सताईसवां प्रतिवेदन।

(5) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग) से संबंधित 'राष्ट्रीय प्राथमिक शिक्षा पौषणिक सहायता कार्यक्रम (मध्याह्न भोजन योजना)' के संबंध में समिति के 9वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/िसफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में अठाईसवां प्रतिवेदन।

(6) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'पनडुब्बियों की अधिप्राप्ति में विक्रेता को अनुचित लाभ' के संबंध में समिति के 10वें प्रतिवेदन (15वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/िसफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में उनतीसवां प्रतिवेदन।

(7) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (वाणिज्य विभाग) तथा वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) से संबंधित 'विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड)'के बारे में तीसवां प्रतिवेदन।

(8) जल संसाधन मंत्रालय से संबंधित 'त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए.आई.बी.पी.)' के बारे में इकतीसवां प्रतिवेदन।